आकार IAS

Shaping Your Dreams

# मध्यप्रदेश सामान्य ज्ञान

## प्रारंभिक परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण








160/4, A B Road, Pipliya Rao, Near Vishnupuri I-Bus Stop, Indore (MP)

mail.: aakarias2014@gmail.com, web.: www.aakarias.com

Call.: 9713300123, 6262856797, 6262856798

# विषय-वस्तु


| क्रमांक | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 01 | **मध्यप्रदेश सामान्य परिचय** | 01 - 13 |
| | ❖ उपनाम, अक्षांशीय स्थिति, केन्द्रीय बिन्दु, जलवायु, प्रशासनिक व्यवस्था , न्यायिक व्यवस्था | |
| | ❖ राजनीतिक व्यवस्था, राजकीय प्रतीक, विशिष्ट राजधानियाँ, विश्व धरोहर स्थल | |
| | ❖ मानचित्रावली से संबंधित तथ्य, संभाग एवं जिले | |
| | ❖ मध्यप्रदेश में सबसे बड़ा एवं छोटे स्थल संबंधी तथ्य | |
| 02 | **मध्यप्रदेश का गठन** | 14 - 17 |
| | ❖ 1947 के पूर्व की स्थिति ❖ 1947 से 1956 तक की स्थिति | |
| | ❖ 1956 से 2000 के मध्य की स्थिति ❖ 2000 से वर्तमान तक मध्यप्रदेश | |
| 03 | **मध्यप्रदेश की भौतिक दशाएं व भू-आकृतिक प्रदेश** | 18 - 24 |
| | ❖ मध्य का उच्च प्रदेश (5 भौतिक विभाजन) | |
| | ❖ सतपुड़ा-मैकाल श्रेणी प्रदेश | |
| | ❖ पूर्व का पठार | |
| 04 | **मध्य प्रदेश की मिट्टियां** | 25 - 28 |
| | ❖ परिभाषा | |
| | ❖ काली मिट्टी, जलोढ़ मिट्टी, लाल-पीली मिट्टी, कछारी मिट्टी, मिश्रित मिट्टी | |
| | ❖ मृदा अपरदन के कारण एवं उपाय | |
| 05 | **मध्यप्रदेश की नदियां** | 29 - 36 |
| | ❖ गंगा नदी अपवाह तंत्र ❖ यमुना नदी अपवाह तंत्र | |
| | ❖ गोदावरी नदी अपवाह तंत्र ❖ अन्य नदियां | |
| 06 | **मध्यप्रदेश प्रदेश में बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजनाएं** | 37 - 41 |
| 07 | **मध्यप्रदेश की जलवायु** | 42 - 46 |
| | ❖ मध्यप्रदेश की जलवायु को प्रभावित करने वाले कारक | |
| | ❖ मध्यप्रदेश की जलवायु का वर्गीकरण, ❖ मध्यप्रदेश की ऋतुएं | |
| 08 | **मध्य प्रदेश में वन एवं वनोपज** | 47 - 52 |
| | ❖ भारत वन स्थिति रिपोर्ट ❖ मध्यप्रदेश में वनों का वर्गीकरण | |
| | ❖ जलवायु के आधार पर वन ❖ प्रादेशिक आधार पर वन | |
| | ❖ राज्य के प्रमुख वन संस्थान ❖ वन सरंक्षण से संबंधित योजनाएं | |

| | | |
|---|---|---|
| 09 | **मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय उद्यान** | 53 - 57 |
| 10 | **मध्यप्रदेश के प्रमुख अभ्यारण्य** | 58 - 61 |
| 11 | **मध्य प्रदेश में कृषि एवं पशुपालन**<br>❖ फसलों का वर्गीकरण (मौसम,उपयोग,अन्य) ❖ मध्यप्रदेश में पशुगणना<br>❖ मप्र के कृषि प्रक्षेत्र (फसलीय क्षेत्र) ❖ भारत में पशुगणना<br>❖ मप्र में पशुओं से संबंधित योजनाएं | 62 - 71 |
| 12 | **मध्यप्रदेश में ऊर्जा संसाधन**<br>❖ पारंपरिक ऊर्जा संसाधन ❖ गैर-पारंपरिक ऊर्जा संसाधन | 72 - 75 |
| 13 | **मध्यप्रदेश में पर्यटन**<br>❖ धार्मिक महत्व के पर्यटन स्थल ❖ प्राकृति सौन्दर्य के पर्यटन स्थल<br>❖ म.प्र. के विश्व धरोहर स्थल ❖ ऐतिहासिक पर्यटन स्थल<br>❖ मध्यप्रदेश के प्रमुख किले ❖ प्रमुख जैन तीर्थ स्थल<br>❖ मध्यप्रदेश के प्रमुख महल ❖ मध्यप्रदेश की प्रमुख गुफाएं<br>❖ मध्यप्रदेश में प्रमुख समाधि एवं मकबरे ❖ मध्यप्रदेश के पुरातात्विक स्थल | 76 - 98 |
| 14 | **मध्य प्रदेश : खनिज संसाधन** | 99 - 114 |
| 15 | **मध्य प्रदेश : जनगणना-2011** | 115 - 118 |
| 16 | **मध्य प्रदेश : अनुसूचित जातियाँ एवं जनजातियाँ** | 119 - 130 |
| 17 | **मध्यप्रदेश के प्रमुख जनजातीय व्यक्तित्व** | 131 - 134 |
| 18 | **मध्यप्रदेश में राजनीतिक एवं प्रशासनिक परिदृश्य**<br>❖ राज्य की विधायिका ❖ राज्यपाल<br>❖ मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री एवं मंत्रिपरिषद ❖ मध्यप्रदेश की न्यायपालिका<br>❖ मध्यप्रदेश का प्रशासनिक तंत्र ❖ प्रमुख राज्यस्तरीय आयोग | 135 - 152 |
| 19 | **मध्य प्रदेश में स्थानीय स्वशासन**<br>❖ ब्रिटिश काल में ❖ संविधान सभा एवं पंचायती राज<br>❖ संविधान लागू होने के बाद की विकास गाथा ❖ मध्यप्रदेश में पंचायती राज<br>❖ ग्रामीण स्थानीय स्वशासन ❖ मध्यप्रदेश में नगरीय स्वशासन | 153 - 163 |




160/4-A B Road, Pipliya Rao, Near Vishnupuri I-Bus Stop, Indore (MP)
**e-mail :** aakarias2014@gmail.com ; **Website :** www.aakarias.com
**CONTACT :** 9713300123, 6262856797, 6262856798

| | | |
|---|---|---|
| 20 | **मध्यप्रदेश की कला एवं संस्कृति**<br>❖ मध्यप्रदेश के लोकगायन, लोकनृत्य, लोकनाट्य, चित्रकला, शिल्पकला<br>❖ मध्यप्रदेश के पर्व, जनजाति पर्व, प्रमुख समारोह, प्रमुख मेले, सृजनपीठ<br>❖ मप्र की सांस्कृतिक संस्था/अकादमी | 164 - 188 |
| 21 | **मध्यप्रदेश के साहित्यकार एवं उनकी रचनाएं**<br>❖ मध्यप्रदेश के प्राचीन साहित्यकार ❖ मध्यकालीन साहित्यकार<br>❖ आधुनिक साहित्यकार ❖ मध्यप्रदेश के लोक साहित्यकार | 189 - 194 |
| 22 | **मध्यप्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित प्रमुख व्यक्तित्व**<br>❖ मध्यप्रदेश के संगीतकार ❖ मध्यप्रदेश के प्रमुख व्यक्तित्व<br>❖ मध्यप्रदेश के चित्रकार ❖ प्रमुख राजनीतिज्ञ<br>❖ प्रमुख फिल्म अभिनेता ❖ अन्य | 195 - 203 |
| 23 | **मध्यप्रदेश में खेल**<br>❖ मध्यप्रदेश में खेल ❖ मध्यप्रदेश की प्रमुख खेल अकादमियां<br>❖ मध्यप्रदेश के प्रमुख खेल स्टेडियम ❖ मध्यप्रदेश के विभिन्न खेलों के अध्यक्ष<br>❖ प्रमुख खेल एवं खिलाड़ी | 204 - 214 |
| 24 | **मध्य प्रदेश में परिवहन**<br>❖ सड़क परिवहन ❖ रेल मार्ग<br>❖ वायु मार्ग ❖ परिवहन के नवीनत आंकड़े | 215 - 220 |
| 25 | **मध्य प्रदेश में संचार के साधन**<br>❖ समाचार पत्र एवं पत्रिकाएं ❖ टेलीविजन<br>❖ आकाशवाणी ❖ दूरसंचार | 221 - 226 |
| 26 | **मध्यप्रदेश प्रदेश का इतिहास**<br>❖ मध्यप्रदेश का प्राचीन इतिहास ❖ मध्यप्रदेश का सल्तनत कालीन इतिहास<br>❖ मध्यप्रदेश का मुगल कालीन इतिहास ❖ मध्यप्रदेश का आधुनिक इतिहास | 227 - 282 |
| 27 | **मध्य प्रदेश की प्रमुख कल्याणकारी योजनाएं**<br>❖ महिला सशक्तिकरण संबंधी ❖ स्वास्थ्य संबंधी योजनाएं<br>❖ निर्धनता उन्मूलन-सामाजिक कल्याण योजनाएं ❖ अनुसूचित जाति एवं जनजाति योजनाएं<br>❖ अन्य योजनाएं | 283 - 290 |


160/4-A B Road, Pipliya Rao, Near Vishnupuri I-Bus Stop, Indore (MP)
**e-mail :** aakarias2014@gmail.com ; **Website :** www.aakarias.com
**CONTACT :** 9713300123, 6262856797, 6262856798

# मध्यप्रदेश
# सामान्य परिचय

## ❑ सामान्य परिचय

- मध्यप्रदेश प्राचीनतम **गोंडवाना लैंड** का हिस्सा है जो कि दक्षिणी प्रायद्वीपीय पठार के उत्तरी भाग में विस्तृत हैं, ज्यामितीय दृष्टिकोण से यह **आयाताकार** दिखाई देता हैं।
- वेदिक साहित्यों में मध्यप्रदेश का उल्लेख **दक्षिणपथ** तथा **रेवोत्तर** के रूप में प्राप्त होता है, शतपथ ब्राह्मण में **रेवोत्तरस** का उल्लेख प्राप्त होता हैं, **मनु की मनुस्मृति** में जो हिमालय और विंध्यांचल पर्वत के बीच का हिस्सा और विनशन (जहां सरस्वती नदी लोप हुआ) के पूर्व में तथा प्रयागराज के पश्चिम में स्थित हैं वह मध्यप्रदेश हैं।
- मध्यप्रदेश एक **भूआवेष्ठित (स्थलबद्ध)** राज्य हैं। अर्थात इसे कोई भी अंतर्राष्ट्रीय एवं सामूद्रीक सीमा स्पर्श नहीं करती, मध्यप्रदेश के प्राकृतिक सीमा का निर्धारण उत्तर में चंबल नदी एवं यमुना के मैदानी क्षेत्र, दक्षिण में सतपूडा श्रेणी एवं ताप्ती नदी, उत्तर पश्चिम में अरावली पर्वत श्रृंखला, उत्तर पूर्व में सोन नदी तथा दक्षिण पूर्व में अमरकंटक से होता हैं।
- मध्यप्रदेश का यह नाम तात्कालीन प्रधानमंत्री **पंडित जवाहरलाल नेहरू** के द्वारा दिया गया था, यह अपनी उपलब्धियों के कारण कई सारे उपनामों से जाना जाता हैं।

## ❑ उपनाम

- **हृदयप्रदेश** – भारत में इसे इसकी अवस्थिति के कारण भारत का दिल या हृदय प्रदेश कहा जाता हैं।
- **सोयाप्रदेश** – सोयाबीन की फसल का मध्यप्रदेश में अधिक उत्पादन होता है इसीलिए इसे सोया प्रदेश कहा जाता हैं।
- **लघुभारत** – विभिन्न संस्कृतियों के सकेंद्रण एवं संमिश्रण के कारण इसे लघु भारत की संज्ञा दी गई।
- **कोहिनूर प्रदेश** – हीरे के अधिक उत्खनन के कारण इसे हीरा प्रदेश या कोहिनूर प्रदेश भी कहा जाता है।
- **मेग्नीज नगरी** – मेंग्नीज के 50 प्रतिशत भंडारण के कारण इसे मेग्नीज नगरी भी कहा जाता है।
- **नदियों का मायका** – भारत की सर्वाधिक नदियां मध्यप्रदेश से उद्गमित होकर अन्य राज्यों की जीवनदायिनी बनती है, इसलिए इसे नदियों का मायका कहा जाता है।
- **टाइगर स्टेट** – वर्ष 2018 की बाघ रिपोर्ट जो कि 29 **जुलाई अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस** के दिन वर्ष 2019 में प्रकाशित की गई के अनुसार मध्यप्रदेश में **526** बाघ पाये गए इसलिए इसे टाइगर स्टेट का दर्जा प्राप्त है।

**नोट**– पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के अंतर्गत भारत वन्यजीव संस्थान द्वारा किए गए सर्वेक्षण के अनुसार वर्ष 2018 में भारत में बाघों की कुल संख्या 2967 हो गई है।

1) मध्यप्रदेश– 526
2) कर्नाटक – 524
3) उत्तराखंड– 442

**नोट**– वर्तमान में छतरपुर जिले के बक्सवाहा के जंगल में देश ही नहीं बल्कि एशिया के सबसे बड़े हीरे भंडारण का दावा किया जा रहा है। जिसकी खोज का श्रेय ऑस्ट्रेलियन कंपनी रियो टिंटो को जाता है।

- **तेंदुआ स्टेट** – भारत में तेंदुएं की गणना स्थिति रिपोर्ट 2018 दिल्ली में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री **श्री प्रकाश जावड़ेकर** ने जारी की। जिसमें सर्वाधिक 3421 तेंदुए मध्यप्रदेश में पाये गए। मध्यप्रदेश के कान्हा नेशनल पार्क राष्ट्रीय उद्यान में तेंदुओं की संख्या सर्वाधिक है।

## मध्यप्रदेश का अक्षांशीय विस्तार

- वर्तमान मध्यप्रदेश 21°6' उ.अ. से 26°30' उ.अ. तथा 74°9' पू.दे. से 82°48' पू.दे. में स्थित है। इस आधार पर मध्यप्रदेश वर्तमान मध्यप्रदेश का सबसे उत्तरी जिला **मुरैना**, दक्षिणी जिला **बुरहानपुर**, पूर्वी जिला **सिंगरौली** एवं पश्चिमी जिला **अलीराजपुर** है।
- अविभाजीत मध्यप्रदेश का सबसे उत्तरी बिंदू **मुरैना**, दक्षिणी बिंदू **सुकमा**, पूर्वी बिंदू **जशपुर** तथा पश्चिमी बिंदू **अलीराजपुर** था।

नोट– मध्यप्रदेश के कटनी जिले में **ढीमरखेड़ा तहसील** में स्थित करौंदी गांव जिसे **भारत का भौगोलिक केंद्र** माना गया है। वर्ष 1956 में **डॉ. राममनोहर लोहिया** की अभिप्रेरणा से एस.पी.चक्रवर्ती के नेतृत्व में **करौंदी गांव** में अनुसंधान कार्य प्रारंभ हुआ था। 1988 में डॉ. राम मनोहर लोहिया की स्मृति में करौंदी गांव का नाम **मनोहर गांव** रखा गया है।

## केंद्रीय बिंदु

| | |
|---|---|
| पृथ्वी का केंद्र बिंदु | मंगलनाथ (उज्जैन) |
| अखंड भारत का केंद्र बिंदु | बरसाली (बैतूल) |
| अविभाजीत भारत का केंद्र बिंदु | करौंदी (कटनी) |
| वर्तमान भारत का केंद्र बिंदु | विदिशा |
| मध्यप्रदेश का केंद्र बिंदु | सागर |

## जलवायु

- मध्यप्रदेश में **उष्णकटिबंधीय मानूसनी** जलवायू पायी जाती है। जिसे यह स्वरूप प्रदान करने के लिए प्रदेश के **14 जिलों** से गुजरने वाली कर्क रेखा उत्तरदायी है तथा प्रदेश में अरब सागर एवं बंगाल की खाड़ी दोनों ही शाखाओं के द्वारा वर्षा होती है।

| | | |
|---|---|---|
| मध्यप्रदेश की औसत वर्षा | – | 112 से.मी. |
| मध्यप्रदेश की सर्वाधिक वर्षा | – | पंचमढ़ी (होशंगाबाद 199 से.मी.) |
| मध्यप्रदेश की न्यूनतम वर्षा | – | गोहद (भींड 55 से.मी.) |

## ❐ प्रशासनिक स्थिति

| | |
|---|---|
| ◆ संभाग | 10 |
| ◆ जिले | 52 |
| ◆ तहसील (जनवरी-2019) | 424 |
| ◆ विकासखण्ड | 313 |
| ◆ आदिवासी विकासखण्ड | 89 |
| ◆ नगर/शहर (जनगणना,2011) | 476 |
| ◆ नगर निगम | 16 |
| ◆ नगर पालिकाएं | 98 |
| ◆ नगर परिषद (म.प्र. शासन डायरी-2020) | 294 |
| ◆ ग्राम पंचायत (वर्ष 2018-19) | 23922 |
| ◆ जनपद पंचायत | 313 |
| ◆ जिला पंचायत | 52 |
| ◆ कुल ग्राम | 54,903 |
| ◆ राजस्व ग्राम (जनगणना,2011) | 53,738 |
| ◆ विद्युतीक्रम ग्राम | 34,240 |
| ◆ पुलिस रेंज (I.G.) (2018-2019) | 11 |
| ◆ रेंज (D.I.G.) (2018-2019) | 15 |
| ◆ पुलिस जिले (S.P.) | 52 |
| ◆ पुलिस चौकियां | 623 |
| ◆ पुलिस थाने | 1117 |
| ◆ कंट्रोल रूम (स्वीकृत) (2018-2019) | 55 |
| ◆ पुलिस उप-संभाग | 238 |

## ❐ न्यायिक स्थिति

- मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की स्थापना वर्ष **1956 जबलपुर** में की गई थी। इसके दो खण्डपीठ **इंदौर** एवं **ग्वालियर** में **1968** में स्थापित किए गए , तीसरे खण्डपीठ की स्थापना **भोपाल** में प्रस्तावित है। ज्ञातत्व है कि मध्यप्रदेश की स्थापना के पूर्व उच्च न्यायालय **नागपुर** में स्थित था, जिसकी स्थापना भारत शासन अधिनियम **1935** के तहत **2 जनवरी 1936** को की कई थी।
- मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की मुख्यपीठ (जबलपुर) के भवन का निर्माण **राजा गोकुलदास** ने करवाया था। इस भवन के वास्तुकार **हेनरी इरविन** है।

## ❐ मध्यप्रदेश में राजनीतिक स्थिति




## ❐ मध्यप्रदेश के अन्य राजकीय प्रतीक




❖ **राजकीय चिन्ह**

❖ इस चिन्ह में सबसे बाहर चौबीस स्तूप आकृति है। इसके बाद वृत्त है, जो सतत् तरक्की और विकास की असीम संभावनाओं का घोतक हैं। इस वृत्त के भीतर **मध्यप्रदेश शासन** एवं **सत्यमेव जयते** उत्कीर्ण है। साथ ही राज्य की प्रमुख फसलें **गेहूँ** और **धान** की बालियां भी इंगित है। केंद्रीय वृत्त में **अशोक स्तंभ की सिंह आकृति** और मध्यप्रदेश के **राजकीय वृक्ष बरगद** को दर्शाया गया है।

❖ **राजकीय गान**

❖ वर्ष 2010 में **'मेरा मध्यप्रदेश'** मध्यप्रदेश के राजकीय गान के के रूप में घोषित किया गया, जिसके रचनाकार **महेश श्रीवास्तव**, गायक **शांतनू मुखर्जी**, संगीकार **सुनील झा** हैं।

❖ **नोट– प्रणाम मध्यप्रदेश** महेश श्रीवास्तव द्वारा लिखित प्रसिद्ध पुस्तक हैं। वर्ष 2012 में इन्हें मध्यप्रदेश सरकार द्वारा **गणेशंकर विद्यार्थी राष्ट्रीय पत्रकारिता पुरुस्कार** से सम्मानित किया गया।

> ❖ **नोट–** मध्यप्रदेश ने राज्य स्थापना दिवस की **25वीं** वर्षगांठ पर **1 नवंबर** 1981 को राज्य पशु–पक्षी एवं वृक्ष आदि घोषित किए। बाद में समय–समय पर राज्य खेल, राज्य मछली आदि घोषित किए गए।

❖ **राजकीय भाषा**

❖ **1 नवंबर** 1956 को मध्यप्रदेश की स्थापना **राज्य पुर्नगठन आयोग** की अनुशंसा पर भाषायी आधार पर की गई। मध्यप्रदेश की राजकीय भाषा **हिन्दी** है।

## राज्यपुष्प



सफेद लिली
(लिलीयम कैन्डिडम)

## राजकीय पुश



बारहसिंगा (रूसर्वस डुवासिली),
ब्रेडरी प्रजाति

## राजकीय पक्षी



दूधराज शाह बुलबुल
(पैराडाइज फ्लाईकेचर)

## राजकीय वृक्ष



बरगद
(फाइकस बेंगैलेंसिस)

## राजकीय नाट्य



माच - (मालवा क्षेत्र का प्रमुख लोकनाट्य )

## राजकीय नृत्य



राई (बुंदेलखंड क्षेत्र का प्रमुख लोकनृत्य)

## राजकीय फसल



सोयाबीन
(ग्लाइसिन मैक्स)

## राजकीय फल



आम
(मेंगीफेरा इंडिका)

## राजकीय खेल



मलखंब
(9 अप्रैल 2013 को घोषित किया गया )

## राजकीय नदी



माँ नर्मदा

## राजकीय मछली



महाशीर प्रजाति (टौर प्युटिटौरा 2011 को घोषित) वर्ष 2012 में IUCN की रेड लिस्ट में विलुप्त प्रजाति के रूप में इसे अधिसूचित किया गया।

## ❐ मध्यप्रदेश की विशिष्ट राजधानियां

- **1 नवंबर 1956** में भोपाल मध्यप्रदेश की राजधानी बना। ज्ञातत्व है कि वर्ष **1972** में सीहोर से पृथक होकर भोपाल एक जिले के रूप में अस्तित्व में आया। भोपाल से पहले राजधानी बनाए जाने की प्रथम प्राथमिकता जबलपुर को प्राप्त थी, लेकिन अधिक भवन जिन्हें की सरकारी कार्यालयों में बदला जा सकता था के आधार पर यह अवसर भोपाल को प्राप्त हुआ। भोपाल को राजधानी बनाने के लिए शंकर दयाल शर्मा की अहम भूमिका दिखाई देती है।

| | |
|---|---|
| ● प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी | **पचमढ़ी** |
| ● प्रदेश की व्यावसायिक राजधानी | **इंदौर** |
| ● प्रदेश की खेल राजधानी | **इंदौर** |
| ● मध्यप्रदेश की कोयला राजधानी | **सिंगरौली** |
| ● मध्यप्रदेश की संस्कार राजधानी | **जबलपुर** |
| ● मध्यप्रदेश की ऊर्जा राजधानी | **बेढन (सिंगरौली)** |
| ● राज्य की मैंगनीज राजधानी | **बालाघाट** |
| ● राज्य की संगीत राजधानी | **मैहर** |

## ❐ मध्यप्रदेश में यूनेस्को द्वारा घोषित विश्व धरोहर स्थल



**खजूराहो के मंदिर**– छतरपुर जिले में स्थित खजुराहो के मंदिरों का निर्माण 10वीं और 11वीं शताब्दी के मध्य **चंदेल शासकों** द्वारा करवाया गया था। वर्ष **1986** में खजुराहो के मंदिरों को यूनेस्को ने अपनी विश्व विरासत सूची में शामिल किया।



**साँची** – रायसेन जिले में स्थित साँची बौद्धनगरी के नाम से भी जानी जाती है। यहाँ पर स्थित सांची के स्तूप का निर्माण मौर्य सम्राट **अशोक** के द्वारा करवाया गया था। **1989** में यूनेस्को ने अपनी विश्व धरोहर सूची में शामिल किया।



**भीमबेटका** – रायसेन जिले के ओबेदुल्लागंज तहसील में स्थित भीमबेटका की खोज **1957** में स्व. **श्री विष्णु श्रीधर वाकणकर** द्वारा की गई थी। वर्ष **2003** में इसे यूनेस्को ने अपनी विश्व धरोहर सूची में शामिल किया।

## ❐ मध्यप्रदेश मानचित्रावली से संबंधित प्रमुख जानकारी

➤ अविभाजित मध्यप्रदेश (वर्ष 2001 के पहले) की उत्तर से दक्षिण की लंबाई **996** किलोमीटर तथा पूर्व से पश्चिम की लंबाई **1127** किलोमीटर थी तथा क्षेत्रफल **443446** वर्ग किलोमीटर था जो कि संपूर्ण भारत के कुल क्षेत्रफल का **13.6** प्रतिशत हुआ करता था। इस समय क्षेत्रफल के आधार पर भारत का सबसे बड़ा राज्य था।




---

➤ वर्तमान मध्यप्रदेश की उत्तर से दक्षिण की लंबाई **605** किलोमीटर तथा पूर्व से पश्चिम की लंबाई **870** किलोमीटर है। तथा कुल क्षेत्रफल **308245/308252** वर्ग किलोमीटर है, जो कि संपूर्ण भारत के कुल क्षेत्रफल का **9.38** प्रतिशत है। इस प्रकार वर्तमान मध्यप्रदेश क्षेत्रफल के आधार पर भारत का दूसरा सबसे बड़ा राज्य है, जबकि प्रथम स्थान पर राजस्थान है।

**नोट**- क्षेत्रफल में दिखाई दे रहा यह अंतर अमरकंटक में स्थित **किरार घाटी** विवाद के कारण दिखाई देता है।




---

➤ अविभाजित मध्यप्रदेश **सात राज्यों** की सीमा को स्पर्श करता था।

उत्तरी भाग में **उत्तरप्रदेश**, उत्तरी पश्चिमी भाग में **राजस्थान**, पश्चिमी भाग में **गुजरात**, दक्षिण पश्चिमी भाग में **महाराष्ट्र**, दक्षिण पूर्वी भाग में **आंध्रप्रदेश**, पूर्वी भाग में **उड़ीसा**, उत्तर पूर्वी भाग में बिहार राज्य स्थित थे।

➤ वर्तमान मध्यप्रदेश पांच राज्यों की सीमा को स्पर्श करता है।

❖ उत्तरप्रदेश ❖ राजस्थान ❖ गुजरात ❖ महाराष्ट्र ❖ छत्तीसगढ़

## ❐ मध्यप्रदेश के सीमावर्ती जिले

| राज्य | जिले की संख्या | जिले का नाम |
|---|---|---|
| उत्तरप्रदेश | 13 | मुरैना,भिंड, दतिया, शिवपुरी, अशोकनगर, सागर, टीकमगढ़, |
| | | निवाड़ी, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, सिंगरौली, |
| राजस्थान | 10 | मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी, गुना, राजगढ़, आगर-मालवा, |
| | | नीमच, मंदसौर, रतलाम, झाबुआ |
| गुजरात | 2 | झाबुआ, अलीराजपुर |
| महाराष्ट्र | 9 | अलीराजपुर, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, |
| | | बैतूल, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट |
| छत्तीसगढ़ | 7 | सिंगरौली, सीधी, शहडोल, अनूपपुर, डिंडोरी, मंडला, बालाघाट |

- मध्यप्रदेश के सर्वाधिक **13 जिले** उत्तरप्रदेश एवं न्यूनतम **दो जिले** गुजरात की सीमा को स्पर्श करते हैं।
- मध्यप्रदेश अपनी सर्वाधिक भौगोलिक सीमा **राजस्थान** एवं न्यूनतम भौगोलिक सीमा **गुजरात** के साथ साझा करता है।
- मध्यप्रदेश के **छह** जिले दो-दो राज्यों की सीमा को स्पर्श करते हैं।
  - **सिंगरौली** – उत्तरप्रदेश और छत्तीगढ़
  - **झाबुआ** – राजस्थान और गुजरात
  - **बालाघाट** – महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़
  - **आलीराजपुर** – महाराष्ट्र और गुजरात
  - **मुरैना** – उत्तरप्रदेश और राजस्थान
  - **शिवपुरी** – उत्तरप्रदेश और राजस्थान

## मध्यप्रदेश के अन्तवर्ती जिले

**मध्यप्रदेश के वे जिले जो किसी भी राज्य की सीमा को स्पर्श नहीं करते उनकी संख्या 17 है।**

- ग्वालियर
- विदिश
- उज्जैन
- धार
- इंदौर
- देवास
- शाजापुर
- सीहोर
- भोपाल
- रायसेन
- होशंगाबाद
- हरदा
- नरसिंहपुर
- दमोह
- कटनी
- जबलुपर
- उमरिया

**नोट**- मंडला जिले में बिछिया व मवई विकासखण्ड राष्ट्रीय राजमार्ग-30 के द्वारा छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले को स्पर्श करती है। इस प्रकार मध्यप्रदेश के बहीर्वर्ती जिलों की संख्या **35** एवं अंतरवर्तीय जिलों की संख्या **17** है।

## कर्क रेखा

कर्क रेखा (23 $\frac{1}{2}^{\circ}$ उत्तरी अक्षांश ) भारत के **8** राज्यों एवं मध्यप्रदेश के **14** जिलों से होकर गुजरती है।

**• रतलाम • उज्जैन • आगर मालवा • राजगढ़ • सीहोर • भोपाल • विदिशा • रायसेन • सागर • दमोह • जबलपुर • कटनी • उमरिया • शहडोल**

## कर्क रेखा संबंधी संभागों का विभाजन

- **उज्जैन सभांग** – उज्जैन, रतलाम एवं आगर मालवा
- **भोपाल संभाग** – भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़
- **जबलपुर संभाग** – जबलपुर, कटनी
- **सागर संभाग** – सागर, दमोह
- **शहडोल संभाग** – शहडोल उमरिया

**नोट**-भोपाल एक मात्र संभाग है जिसके समस्त जिलों से कर्क रेखा गुजरती है। 16 अगस्त 2013 को शाजापुर जिले से आगर मालवा पृथक हो जाने के पश्चात अब कर्क रेखा शाजापुर की जगह आगर मालवा से गुजरती है।

## समय मानक रेखा

भारत की समय मानक रेखा (82 $\frac{1}{2}^{\circ}$ पूर्वी देशान्तर रेखा, मध्यप्रदेश की पूर्वी सीमा **सिंगरौली** जिले के समीप से गुजरती है। मध्यप्रदेश की पूर्वी सीमा सीमा 82 $^{0}$ 48 ' पर स्थित है।




## ❑ मध्यप्रदेश के संभाग एवं जिले

**वर्तमान मध्यप्रदेश 10 संभाग एवं 52 जिले हैं।**

| संभाग | मुख्यालय | जिले |
|---|---|---|
| **जबलपुर (8 जिले)** | जबलपुर | जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, बालाघाट, मण्डला, छिंदवाड़ा, डिंडोरी, सिवनी |
| **इंदौर (8 जिले)** | इंदौर | इंदौर, धार, झाबुआ, खरगोन, खण्डवा, बुरहानपुर, बड़वानी, अलीराजपुर |
| **उज्जैन (7 जिले)** | उज्जैन | उज्जैन, नीमच, देवास, रतलाम, मंदसौर, शाजापुर, आगर-मालवा |
| **सागर (6 जिले)** | सागर | सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी |
| **भोपाल (5 जिले)** | भोपाल | भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़ |
| **ग्वालियर (5 जिले)** | भोपाल | दतिया, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर |
| **रीवा (4 जिले)** | रीवा | रीवा, सीधी, सतना, सिंगरौली, |
| **चम्बल (3 जिले)** | मुरैना | मुरैना, भिंड, श्योपुर |
| **नर्मदापुरम (3 जिले)** | होशंगाबाद | होशंगाबाद, हरदा, बैतूल |
| **शहडोल (3 जिले)** | शहडोल | शहडोल, उमरिया, अनूपपुर |

- क्षेत्रफल के दृष्टिकोण से सबसे बड़ा संभाग – **जबलपुर**
- जनसंख्या के दृष्टिकोण से सबसे बड़ा संभाग – **इंदौर**
- क्षेत्रफल एवं जनसंख्या के दृष्टिकोण से सबसे छोटा संभाग – **शहडोल**
- मध्यप्रदेश का 10वां संभाग – **शहडोल (वर्ष 2008)**
- वर्ष 2008 में **होशंगाबाद संभाग** का नाम परिवर्तित कर शिवराजसिंह चौहान द्वारा **नर्मदापुरम** कर दिया गया।

## मध्यप्रदेश के प्रथम व्यक्ति

| | |
|---|---|
| भारत के राष्ट्रपति बनने वाले म.प्र. के प्रथम व्यक्ति | डॉ. शंकरदयाल शर्मा |
| भारत के प्रधानमंत्री बनने वाले म.प्र. के प्रथम व्यक्ति | अटल बिहारी वाजपेयी |
| प्रथम मुख्यमंत्री | पंडित रविशंकर शुक्ल |
| प्रथम महिला मुख्यमंत्री | उमा भारती |
| प्रथम राज्यपाल | डॉ. पट्टाभिसीतारमैया |
| प्रथम महिला राज्यपाल | सुश्री सरला ग्रेवाल |
| प्रथम मुख्य न्यायाधीश | मोहम्मद हिदायतुल्ला |
| प्रथम महिला मुख्य न्यायाधीश | श्रीमती सरोजनी सक्सेना |
| प्रथम विधानसभा अध्यक्ष | कुंजीलाल दुबे |
| प्रथम विधानसभा उपाध्यक्ष | विष्णुविनायक सरवटे |
| प्रथम मुख्य सचिव | एच.एस. कामथ |
| प्रथम महिला मुख्य सचिव | निर्मला बुच |
| प्रथम विपक्ष का नेता | विष्णुनाथ तामस्कर |
| प्रथम महिला विपक्ष नेता | जमुनादेवी |
| प्रथम गैर कांग्रेसी मुख्यमंत्री | कैलाश जोशी |
| प्रथम पुलिस महानिरीक्षक | बी.जी. घाटे |
| प्रथम पुलिस महानिदेशक | वी.पी. दुबे |
| प्रथम महाधिवक्ता | श्री एम. अधिकारी |
| प्रथम वित्त आयोग के अध्यक्ष | शीतला सहाय |
| प्रथम निर्वाचन आयुक्त | एन.वी. लोहानी |
| प्रथम सूचना आयुक्त | टी.एन. श्रीवास्तव |
| प्रथम लोकायुक्त | पी.व्ही. दीक्षित |
| प्रथम राज्य योजना मंडल के अध्यक्ष | प्रकाशचंद्र सेठी |
| प्रथम राज्य योजना मंडल के उपाध्यक्ष | डॉ. दयाशंकर नाग |
| प्रथम आईपीएस महिला | कु. आशा गोपालन |
| प्रथम आईएएस महिला | निर्मला बुच |
| नोबल शांति पुरस्कार प्राप्तकर्ता | कैलाश सतयार्थी |
| मध्यप्रदेश विधानसभा के पहले सत्र के सचिव | खांडेराव केशवराव रांगोले |
| प्रथम महिला फाइटर पायलट | अवनी चतुर्वेदी |
| मध्यप्रदेश के प्रथम आदिवासी मुख्मयंत्री | श्री राजा नरेशचंद्र |
| मध्यप्रदेश विधानसभा की पहली महिला उपाध्यक्ष | सुश्री हिना लिखीराम कांवरे |